मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या-06

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

Atomic Energy Education Society

Session: 2023-24

कक्षा: आठवीं विषय: हिंदी (द्वितीय भाषा)

Class: 8 Subject:Hindi (2nd Language)

अभ्यास पत्रक संख्या: 1

पाठ का नाम: पाठ-2 (लाख की चूड़ियाँ)

और 3 (बस की यात्रा) पर आधारित—

विषयाध्यापक का नाम: श्री हरि शंकर त्रिपाठी

प्र० सं०1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:- (1 x 5 = 5)

बदलू मनिहार था| चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था| उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी| उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थीं, आस-पास के गावों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे| परंतु वह कभी भी चूड़ियाँ पैसों से बेचता न था| उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे| बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था| मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा | हाँ, शादी-विवाह के अवसरों पर वह जिद पकड़ जाता था| जीवन भर चाहे कोई मुफ़्त चूड़ियाँ ले जाए|

1- बदलू का पैतृक पेशा क्या था?

(क) चूड़ियाँ पहनना (ख) चूड़ियाँ बनवाना

(ग) चूड़ियाँ बनाना (घ) इनमें से कोई नहीं|

2- उसकी चूड़ियाँ कौन पहनता था?

(क) गाँव के सभी लोग (ख) दूसरे गाँव की स्त्रियाँ

(ग) उसके गाँव की स्त्रियाँ (घ) उसके और पड़ोस के गाँव की स्त्रियाँ|

3- वह चूड़ियाँ बेचने का तरीका क्या था?

(क) मुफ़्त बेचना (ख) अनाज के बदले चूड़ियाँ

(ग) काम के बदले चूड़ियाँ (घ) पैसों के बदले चूड़ियाँ|

4- बदलू किन अवसरों पर जिद करने लगता था?

(क) शादी-विवाह के अवसरों पर (ख) बच्चों के जन्म के अवसर पर

(ग) फसल पक जाने के अवसर पर (घ) इनमें से कोई नहीं|

5- बदलू का स्वभाव कैसा था?

(क) सनकी (ख) सीधा (ग) सबसे झगड़ना (घ) जिद्दी|

प्र० सं०2- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:- (1 x 5 = 5)

मैं बहुधा हर गर्मी की छुट्टी में अपने मामा के यहाँ चला जाता और एक-आध महीने वहाँ रहकर स्कूल खुलने के समय तक वापस आ जाता| परंतु दो-तीन बार ही मैं अपने मामा के यहाँ गया होऊँगा तभी मेरे पिता की दूर के शहर में बदली हो गई और लंबी अवधि तक मैं अपने मामा के गाँव न जा सका| तब लगभग आठ-दस वर्षों के बाद जब मैं वहाँ गया तो इतना बड़ा हो चुका था कि लाख की गोलियों में मेरी रुचि नहीं गई थी| अतः गाँव में होते हुए कई दिनों तक बदलू का ध्यान न आया|

इस बीच मैंने देखा कि गाँव में लगभग सभी स्त्रियाँ काँच की चूड़ियाँ पहने हैं| विरले ही हाथों में मैंने लाख की चूड़ियाँ देखीं| तब एक दिन सहसा मुझे बदलू का ध्यान हो आया| बात यह हुई कि बरसात में मेरे मामा की छोटी लड़की आँगन में फिसलकर गिर पड़ी

और उसके हाथ की काँच की चूड़ी टूटकर उसकी कलाई में घुस गई और उससे खून बहने लगा| मेरे मामा उस समय घर पर न थे| मुझे ही उसकी मरहम-पट्टी करनी पड़ी| तभी सहसा मुझे बदलू का ध्यान हो आया और मैंने सोचा कि उससे मिल आऊँ| अतः शाम को मैं घूमते-घूमते उसके घर चला गया| बदलू वहीं चबूतरे पर नीम के नीचे खाट पर लेटा था|

1- लेखक लंबे अरसे तक मामा के यहाँ क्यों नहीं जा सका?

क) क्योंकि अब मामा के गाँव में उसका मन नहीं लगता था|

ख) क्योंकि वह विदेश में रहने लगा था|

ग) क्योंकि उसके मामा अब गाँव छोड़कर बाहर चले गए थे|

घ) क्योंकि लेखक के पिता का तबादला गाँव से दूर हो गया था|

2- लेखक प्रायः गर्मी की छुट्टियों में कहाँ जाता था?

(क) अपने दादा जी के घर (ख) अपने मामा जी के घर

(ग) अपने मित्रों के घर (घ) पहाड़ों पर|

3- जब 8-10 वर्षों के बाद लेखक अपने मामा के गाँव गया तो वहाँ क्या परिवर्तन पाया?

क) गाँव बदल गए थे|

ख) बच्चों के हाथ में गोलियाँ थीं|

ग) लाख की चूड़ियाँ घर-घर बननी शुरू हो गई थीं|

घ) औरतों ने लाख की चूड़ियाँ पहनना बंद कर दिया था|

4- मामा की छोटी लड़की को क्या हो गया था?

क) वह आँगन में फिसलकर गिर गई थी|

ख) काँच की चूड़ी टूटकर उसकी कलाई में घुस गई|

ग) उसके हाथ से खून बहने लगा|

घ) उपर्युक्त सभी|

5- बदलू लेखक को कहाँ मिला?

(क) घर में (ख) खेत में (ग) नीम के पेड़ के नीचे (घ) मामा के घर पर|

प्र० सं०3 - नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:- (1 x 5 = 5)

I- 'एक पुलिया के ऊपर पहुंचे ही थे ----- एक टायर फिस्स करके बैठ गया|'

रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प चुनकर कीजिए|

(क) कि (ख) की (ग) से (घ) के ।

II- '<u>समझदार</u> आदमी' रेखांकित शब्द निम्नलिखित में से क्या है?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण (घ) इनमें से कोई नहीं।

III- 'वृद्धावस्था' शब्द उचित संधि-विच्छेद निम्न लिखित में से कौन-सा है?

क) वृद्ध+ अवस्था ख) वृद्ध+ वस्था

ग) वृद्धि+ अवस्था घ) वृद्धा+ वस्था।

IV- 'बदलू, रज्जो, यमुना' आदि निम्न में से किस संज्ञा के उदाहरण है?

क) भाववाचक संज्ञा ख) जातिवाचक संज्ञा

ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा घ) समूहवाचक संज्ञा।

V- `पढ़ाई, सुन्दरता, शान्ति, व्यथा' आदि निम्न में से किस संज्ञा के उदाहरण है?

क) भाववाचक संज्ञा ख) जातिवाचक संज्ञा

ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा घ) समूहवाचक संज्ञा।

प्र० सं०4- नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या अधिकतम एक वाक्य में लिखिए:- (1 x 5 = 5)

क) 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' किसके नेतृत्व में हुआ था?

ख) लोगों ने लेखक को किस समय बस से यात्रा न करने की सलाह दी?

ग) बचपन में लेखक बदलू को क्या कहता था?

घ) छुट्टियों में आपको किसके घर जाना अच्छा लगता है?

ङ) लेखक बस की यात्रा के दौरान किसे अपना दुश्मन समझ रहा था?

प्रश्न:5 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए:- (2 × 10 = 20)

(क) बदलू का स्वभाव कैसा था?

(ख) किस घटना ने अचानक लेखक को बदलू की याद दिला दी?

(ग) बचपन में बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

(घ) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आए?

(ङ) गर्मी की छुट्टियों में आप कहाँ जाना पसंद करते हैं और क्यों?

(च) लेखक को शमवाली बस वयोवृद्ध-सी क्यों लग रही थी?

(छ) लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?

(ज) सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब और किसके नेतृत्व में हुआ?

(झ) कंपनी के हिस्सेदार बस की दशा के बारे में बार-बार क्या कह रहे थे?

(ञ) बस के हिस्सेदार और क्रांतिकारी आंदोलन के नेता में क्या-क्या समानताएँ दिखाई गई हैं?

प्रश्न:6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) 40 से 50 शब्दों में लिखिए:-(3 × 5 = 15)

क) बदलू अपनी बनाई चूड़ियों को किस प्रकार बेचता था ? क्या वर्तमान समय में उस तरह वस्तुओं को बेचना संभव है?

(ख) बदलू की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर कीजिए|

(ग) ननिहाल जाने पर लेखक बदलू के पास क्यों जाया करता था?

(घ) लेखक और उसके साथी खिड़की से दूर क्यों सरक गए?

(ङ) लेखक ने पन्ना पहुँचने की उम्मीद क्यों छोड़ दी थी?

प्रश्न:7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70 से 80 शब्दों में लिखिए:- (5 × 5 = 25)

(क) मशीनी युग ने छोटे कारीगरों को किस प्रकार प्रभावित किया है? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार स्पष्ट कीजिए|

(ख) बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी|

(ग) आपके घर में कौन-से मेहमान अक्सर आते रहते हैं? और आप उनका अतिथि-सत्कार कैसे करते हैं?

(घ) लेखक द्वारा बस की चाल, उसकी दशा तथा गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन में समानता दिखाना कहाँ तक उचित है?

(ङ) यदि बस एक जीवित प्राणी होती और बोल सकती तो वह अपनी बुरी हालत तथा अपने बोझ के कष्ट को किन शब्दों में वर्णन करती? अपने अनुमान के आधार पर लिखिए|